**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 4123**
**दिनांक 30 मार्च, 2026**

**कच्चे तेल के भंडार**

**4123 श्री प्रकाश चिक बाराईकः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 1 जनवरी, 2026 की स्थिति के अनुसार, खपत के दिनों की संख्या के संदर्भ में कच्चे तेल के भंडार का ब्यौरा क्या है; और

(ख) 10 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार, खपत के दिनों की संख्या के संदर्भ में कच्चे तेल के भंडार का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) और (ख): सरकार ने इंडियन स्ट्रेटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल)नामक एक विशेष प्रयोजन कंपनी के माध्यम से कुल 5.33 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) के कच्चे तेल की क्षमता सहित आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक में स्ट्रेटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) सुविधाओं की स्थापना की है जो अल्प-अवधि आपूर्ति संकट में बफर का कार्य कर सकती हैं।

क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण के लिए वर्तमान कुल राष्ट्रीय क्षमता 74 दिनों की है जिसमें तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) की 64.5 दिनों के भंडारण सुविधाओं की क्षमता शामिल है।

स्टॉक्स तथा वास्तविक खपत पर आधारित वास्तविक रिजर्व की संख्या गतिशील रहती है,जिसमें दोनों ही स्थिर नहीं हैं।

*****